हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, बुधवार, 10 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम 24.0 डिग्री
न्यूनतम 7.0 डिग्री

11 सीएम फ्लाइंग ने राइस मिलों में छापेमारी कर जांचा...



11 15 स्कूलों के 60 प्रतिभागियों ने करवाया पंजीकरण












जींद। चिकित्सकों की हड़ताल के चलते परेशान मरीज व हड़ताल के चलते खाली चिकित्सकों के कमरे। फोटो :हरिभूमि

## हड़ताल का दूसरा दिन: जींद नागरिक अस्पताल में घटी ओपीडी, दर्द से कहराते रहे मरीज

# नागरिक अस्पताल में ओपीडी सिर्फ दवा लिखने तक सिमटी

### पहले दिन 140 चिकित्सक हड़ताल पर रहे दूसरे दिन संख्या बढ़कर 145 तक पहुंची

**चिकित्सकों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल का किया ऐलान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विस एसोसिएशन के आह्वान सरकारी अस्पतालों के चिकित्सक मंगलवार को दूसरे दिन भी हड़ताल पर रहे। हड़ताल के दूसरे दिन ओपीडी घट कर मात्र 1062 पर आ गई। जबकि प्रतिदिन 1800 की ओपीडी अकेले जींद अस्पताल की रहती है। वहीं पहले दिन 140 चिकित्सक हड़ताल पर रहे जबकि दूसरे दिन यह संख्या बढ़कर 145 तक पहुंच गई। अस्पताल में ओपीडी केवल दवाई लिखने तक ही सीमित रही। इसके अलावा सभी महत्वपूर्ण विभागों की ओपीडी खाली नजर आ रही थी। व्यवस्था बनाने के लिए मेडिकल कॉलेज खानपुर से, एनएचएम, ईएसआई से चिकित्सकों को बुलाया गया। वहीं डेंटल तथा आयुष्मान के तहत लग चिकित्सकों की डयूटी जिला अस्पतालों में जगह-जगह लगाई पर व्यवस्था बन नही पाई। अस्पताल में आए मरीजों को नामात्र का उपचार मिला और ज्यादा गंभीर मरीजों को बाहर का रास्ता दिखाया गया। इसके साथ ही चिकित्सकों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल का ऐलान कर दिया है। जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल 200 बैड का है। यहां ओस्तन सौ से अधिक मरीज दाखिल रहते हैं।



कैथल। अस्पताल में लगी मरीजों की लाइन। फोटो :हरिभूमि



कैथल। बंद पड़ा अलट्रासाउंड का कमरा। फोटो :हरिभूमि

#### नही आने दी परेशानी : सीएमओ

सीएमओ डा. सुमन कोहली ने कहा कि ओपीडी के लिए चिकित्सकों को खानपुर, एनएचएम, ईएसआई, आयुष्मान के तहत बुलाया गया है। मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं आने दी जा रही है। आम दिनों की तरह ही सामान्य ओपीडी अस्पताल में चल रही है। इमरजेंसी से लेकर पोस्टमार्टम सेवाएं बहाल हैं।

#### असुविधा के लिए खेद

जिला प्रधान एवं राज्य संयोजक डा. बिजेंद्र ढांडा ने कहा कि एसोसिएशन की मांगों को पूरा नही किया जाता है तो दो दिवसीय हडताल को अनिश्चितकालीन हडताल में बदल दिया जाएगा। अभी तक उनको सरकार से बातचीत के लिए कोई निमंत्रण नहीं मिला है। इसलिए हड़ताल अनिश्चिकाल के लिए की जा रही है।

#### आज बढ़ेगी दिव्यांगों की दिक्कत

नागरिक अस्पताल में बुधवार और वीरवार को दिव्यांग जांच शिविर का आयोजन किया जाता है। शिविर के लिए चिकित्सकों का पैनल बनाया जाता है जो दिव्यांगों की जांच करते हैं और उसी आधार पर उनका दिव्यांग सर्टिफिकेट बनता है। अस्पताल में स्पेशलिस्ट चिकित्सक न के बराबर हैं। ऐसे में दिव्यांगों को आज जांच के लिए परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

#### अल्ट्रासाउंड न होने से बढ़ा दर्द

नागरिक अस्पताल में प्रतिदिन गर्भवती महिलाओं के अल्ट्रासाउंड मुफ्त किए जाते हैं। पिछले दो दिनों से अल्ट्रासाउंड करने वाला चिकित्सक ही नही है। ऐसे में जरूरतमंद लोगों को बाहर से महंगे दामों पर अल्ट्रासाउंड करवाना पड़ रहा है। मंगलवार को महिला वार्ड में केवल एक ही चिकित्सक ने ओपीडी की। डा. मंजू ने भी छुट्टी ले ली। मंगलवार को नागरिक मेडिकल कॉलेज खानपुर से 9, एनएचएम से 13, ईएसआई से दो, डेंटल के 20, आयुष्मान के तहत 3 चिकित्सकों को जिला के अस्पतालों में डयुटी पर लगाया गया।

#### मरीजों को खासा परेशान होना पड़ा

चिकित्सकों की हडताल को दो दिन हो गए हैं और अस्पताल में दाखिल मरीजों को देखने के लिए चिकित्सकों की बजाए स्टाफ नर्सें ही पहुंच रही हैं। ऐसे में यहां दाखिल मरीज या तो स्वयं नीचे आकर चिकित्सकों से परामर्श ले रहे हैं या फिर छुट्टी पर जाने की बात कह रहे हैं। सबसे ज्यादा परेशानी उन मरीजों की बढ़ी हुई है, जिनके हाल फिलहाल में आप्रेशन हुए हैं। हड़ताल के दूसरे दिन ओपीडी घट कर मात्र 1062 पर आ गई। जबकि प्रतिदिन 1800 की ओपीडी अकेले जींद अस्पताल की रहती है। वहीं पहले दिन 140 चिकित्सक हड़ताल पर रहे जबकि दूसरे दिन यह संख्या बढ़कर 145 तक पहुंच गई। अस्पताल में ओपीडी केवल दवाई लिखने तक ही सीमित रही। इसके अलावा सभी महत्वपूर्ण विभागों की ओपीडी खाली नजर आ रही थी। हड्डी और मनोरोग मरीज भटके :अस्पताल में डॉक्टरों की हड़ताल से सबसे ज्यादा असर हड्डी रोग और मनोरोग विशेषज्ञ के पास आने वाले मरीजों पर पड़ा। इन दोनों विभागों की जगह किसी अन्य डॉक्टर की तैनाती नहीं की जा सकी। मनोरोग विशेषज्ञ डा. संकल्प डोडा प्रतिदिन 200 मरीजों की जांच करते हैं। जिनमें नशा पीड़ित व्यक्ति भी शामिल होते हैं। वहीं हड्डी रोग विशेष डा. संतलाल बैनीवाल व अन्य 250-300 मरीजों की ओपीडी करते हैं। दोनों विभागों के बंद रहने से इन मरीजों को खासा परेशान होना पड़ा।

#### कलायत: डॉक्टरों की हड़ताल से मरीज बेहाल

**कलायत।** डाक्टरों की हड़ताल का कलायत में व्यापक असर देखने को मिल रहा है। इसके चलते उप मंडल नागरिक अस्पताल के साथ-साथ बात्ता, बालू, देवबन, सजूमा व बढ़सीकरी स्वास्थ्य संस्थानों में डाक्टरों की गैर मौजूदगी रोगियों के लिए परेशानी का सबब बनी है। जानकारी अनुसार अकेले उप मंडल नागरिक अस्पताल में प्रतिदिन करीब 250 रोगियों की ओपीडी रहती है। डाक्टरों के दो दिन की हड़ताल पर चले जाने से स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हैं। हालांकि स्वास्थ्य विभाग द्वारा रोगियों को वैकल्पिक रूप से सेवाएं प्रदान करने के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को तैनात किया है। लेकिन क्षेत्र में इन आधा दर्जन पदों के सहारे स्वास्थ्य सेवाओं को प्रभावी बना पाना मुश्किल है। सामान्य तौर से पहले डाक्टरों के साथ-साथ सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी भी अपनी सेवाएं संस्थानों में देते आए हैं। डाक्टरों के हड़ताल पर चले जाने के कारण जिम्मेवारी का कई गुणा भार अकेले सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के कंधों पर आन पड़ा है। यही वजह है कि स्वास्थ्य संस्थानों से दिन भर रोगी उपचार के लिए डाक्टरों की राह तकते हैं। हड़ताल को लेकर स्वास्थ्य विभाग विभिन्न वैकल्पिक व्यवस्थाओं को तलाश रहा है। इसके तहत मंगलवार को कल्पना चावला मेडिकल कालेज करनाल में तैनात डाक्टर भी कलायत क्षेत्र के स्वास्थ्य संस्थानों में सेवारत रहे।



कलायत। उप मंडल नागरिक अस्पताल की ओपीडी में लगी कतार।

## कैथल में 30 डॉक्टर हड़ताल पर जाने के कारण मरीज रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

एसएमओ की सीधी भर्ती के विरोध में डॉक्टरों की हड़ताल मंगलवार को दूसरे दिन मंगलवार को भी जारी रही। दूसरे दिन जिले के करीब 30 डॉक्टर हड़ताल पर रहे। इन सभी डॉक्टरों ने ओपीडी, ऑपरेशन व स्वास्थ्य संबंधित अन्य कार्य नहीं किए। पहले दिन की तरह करनाल कल्पना चावला अस्पताल से डॉक्टरों को बुलाकर मरीजों का इलाज करवाया गया। अल्ट्रासाउंड करवाने के लिए आए मरीजों को काफी दिक्कतें उठानी पड़ी। अस्पताल में अल्ट्रासाउंड करवाने वाले मरीजों को डॉक्टर नहीं मिले। जब उन्होंने स्टाफ से पूछा, तो स्टाफ की ओर से कहा गया कि आज डॉक्टर छुट्टी पर हैं। जब उन्होंने से पूछा कि कल आएंगे या नहीं, तो स्टाफ ने जवाब दिया कि इस बारे में वे कुछ नहीं कह सकते। अस्पताल में अपनी पत्नी की पेट की पथरी का अल्ट्रासाउंड करवाने पहुंचे गांव छात्तर निवासी दलबीर सिंह ने बताया कि उसकी पत्नी के पेट में दर्द है। वह अल्ट्रासाउंड करवाने के लिए अस्पताल में आया था। यहां स्टाफ ने बताया कि डॉक्टर छुट्टी पर हैं। कल भी पता नहीं आएंगे या छुट्टी पर रहेंगे।

#### सेवाएं जारी रही

सिविल सर्जन डॉक्टर रेनू चावला ने कहा कि दूसरे दिन भी विभाग ने बाहर से डॉक्टर बुलाकर मरीजों का इलाज करवाया गया। उन्होंने बताया कि सभी स्वास्थ्य सेवाएं रोजाना की तरह जारी रही। अस्पताल प्रबंधन का प्रयास रहा कि मरीजों का किसी प्रकार की दिक्कतों का सामन न करना पड़े।

## खबर संक्षेप

### जींद: चीनी मिल के पिराई सत्र का शुभारंभ कल

**जींद।** नगराधीश मोनिका रानी ने बताया कि 11 दिसंबर को प्रातः साढ़े 10 बजे नरवाना रोड स्थित सहकारी चीनी मिल जींद के पिराई सत्र 2025-26 का शुभारंभ किया जाएगा। प्रदेश के सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत एवं पर्यटन मंत्री डा. अरविंद शर्मा बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए पिराई सत्र का शुभारंभ करेंगे।

### जमीन की सौदेबाजी कर आठ लाख हड़पने का आरोपी काबू

**जींद।** पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने मोरखी में जमीन की सौदेबाजी कर आठ लाख हड़पने व रजिस्टरी कराने से मना करने के आरोपित को गिरफ्तार किया है। मोरखी निवासी शिवदत्त ने गत 12 नवंबर को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वर्ष 2019 में उसके गांव के ही महाबीर परिवार ने एक एकड़ जमीन का 14 लाख रुपये में सौदा किया था।

### अवैध असलहा के साथ एक गिरफ्तार

**जींद।** सीआईए स्टाफ सफीदों ने ऐंचरा कलां में एक युवक को काबू कर एक पिस्तौल बरामद किया है। सदर थाना सफीदों पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। सीआईए स्टाफ सफीदों कर्मी गांव ऐंचरा कलां के निकट गश्त कर रहे थे। उसी दौरान एक युवक पुलिस पार्टी को देख कर भागने लगा। पुलिस कर्मियों ने पीछा कर युवक को काबू कर लिया है।

### हजारों का सामान चोरी, शिकायत दर्ज

**कैथल।** कैथल के गांव पाई के निकट स्थित बाटेला से चोर हजारों रुपये का सामान चुरा कर ले गए। गांव पाई के गजे सिंह ने पूंडरी पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 7 दिसंबर की रात को चोर उसका गांव बाटेला में बने कमरे से हजारों रुपये का सामान चुरा कर ले गए। चुराए गए सामान की कीमत करीब 10000 बताई गई है।

### काकड़ोद पॉवर हाउस फीडरों की सप्लाई रहेगी बाधित

**उचाना।** काकड़ोद 33 केवी पॉवर हाउस में 11केवी वीसीबी रिप्लेस के चलते गांव की बिजली सप्लाई छोड़ अन्य फीडरों की बिजली सप्लाई बंद रहेगी। एसडीओ जोजो तनेजा ने बताया कि 10 दिसंबर को काकड़ोद बिजली घर में 11केवी वीसीबी रिप्लेस का कार्य होगा। दो दिनों तक गांवों की बिजली सप्लाई छोड़ कर अन्य फीडरों की बिजली सप्लाई बाधित रहेगी।

### नशा तस्कर से 150 ग्राम चरस बरामद

**कैथल।** एंटी नारकोटिक सैल द्वारा थाना शहर क्षेत्र से एक नशा तस्कर को काबू कर लिया गया, जिसके कब्जे से 150 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एंटी नारकोटिक सैल के एएसआई राजेश कुमार की टीम गश्त दौरान पाडला बाईपास कैथल पर मौजूद थी। सहयोगी सूत्रों से पुलिस को एक गुप्त सूचना मिली की शक्ति नगर कैथल का गुलाब नशीला पदार्थ बेचने का धंधा करता है।

### रंजिशन हमला करने पर दो के खिलाफ मामला दर्ज

**जींद।** गांव शाहपुर में रंजिशन हमला कर व्यक्ति को घायल करने पर सदर थाना पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव शाहपुर निवासी अमनदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी बिजेंद्र तथा नवीन के साथ कहासुनी हो गई। जिस पर दोनों ने उस पर हमला कर दिया।

### कैथल: ट्रक की चपेट में आने से एक घायल

**कैथल।** जिले के गांव सजुमा में ट्रक की चपेट में आने से एक व्यक्ति घायल हो गया। अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। सागरा के अमरजीत ने कलायत पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 4 को जब गांव सजूमा से जा रहा था तो अज्ञात ट्रक चालक ने गाड़ी को लापरवाही से चलते हुए उसे चपेट में लेकर उसे घायल कर दिया।



जुलाना। बीडीपीओ कार्यालय में धरना देते मनरेगा मजदूर। फोटो :हरिभूमि

#### बीडीपीओ कार्यालय में मनरेगा मजदूरों का धरना

**जुलाना।** जुलाना कस्बे के बीडीपीओ कार्यालय में मनरेगा के मजदूरों ने काम की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया। मजदूरों ने कहा कि उन्हें मनरेगा के तहत 100 दिन का रोजगार नही मिल रहा है। जिसके चलते उन्हें काफी परेशानियों से होकर गुजरना पड़ रहा है। धरने की अध्यक्षता आनंद ने की तथा संचालन सुरेश कुमार ने किया।धरने को संबोधित करते हुए मनरेगा मेट एवं मजदूर यूनियन हरियाणा के सदस्यों ने कहा कि मजदूर काम मांग रहे है लेकिन सरकार और खंड अधिकारी काम नहीं दे रहे। मजदूरों को काम की मांग करते एक महीना हो चुका है। कानून के मुताबिक 15 दिन के अंदर अंदर काम मिल जाना चाहिए था लेकिन आजतक ना काम मिला और ना ही बेरोजगारी भत्ता दिया गया। मजदूरों को काम बंद होने का हवाला दिया जा रहा है। कुछ गांवों में काम चल रहा है लेकिन पौली गांव में बार बार गुहार लगाने बाद भी मजदूरों को काम नही मिल रहा है।

## बधाना में जहर निगल व्यक्ति ने की आत्महत्या, तीन के खिलाफ केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

**मृतक की पत्नी की शिकायत पर दर्ज किया पुलिस ने केस**

गांव बधाना में एक व्यक्ति ने भाई तथा अन्य परिजनों से खफा होकर जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। अलेवा थाना पुलिस ने मृतक की पत्नी की शिकायत पर देवर समेत तीन लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बधाना निवासी राजेश (50) ने गत दिवस संदिग्ध हालात के चलते जहरीला पदार्थ निगल लिया। परिजनों द्वारा उसे गंभीर हालात में हिसार ले जाया जा रहा था। रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। जिस पर शव को नागरिक अस्पताल लाया गया। घटना की सूचना पाकर अलेवा थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों का जायजा लिया। मृतक की पत्नी मीना ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका बेटा कनाडा गया हुआ है। उनके पास 12 एकड़ जमीन थी। उसके पति ने दस एकड़ जमीन कनाडा रह रहे बेटे के नाम करवा दी थी। जबकि दो एकड़ जमीन उनके पति के नाम थी। कुछ दिन पहले देवर राकेश उसके बेटे को अपने पक्ष में कर गाड़ी भी ले ली। गत सात दिसंबर को राकेश तथा उसकी सास ने उसके पति राजेश के साथ झगड़ा किया था। जिसमें उसकी ननद कैलाश ने भी आरोपितो का साथ दिया। राकेश व अन्य परिजनो द्वारा बार -बार परेशान किए जाने से खफा होकर उसके पति राजेश ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। अलेवा थाना पुलिस ने मीना की शिकायत पर देवर राकेश, सास कमला, नंनद कैलाश के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



राजौंद। गैस सिलेंडर को लेकर रोष जताते उपभोक्ता। फोटो :हरिभूमि

#### गैस किल्लत पर उपभोक्ताओं ने जताया रोष

**राजौंद।** राजौंद में गैस की किल्लत को लेकर गैस उपभोक्ताओं ने गैस एजेंसी के सामने रोष प्रकट किया। लोगों ने बताया कि सर्दी के मौसम में कई दिनों से गैस की कील्लत बनी हुई है। बताया कि सुबह लाइनों में खड़े हुए थे। लेकिन गैस नहीं आई। जिससे उन्हें फिर खाली ही लौटने को मजबूर होना पड़ा। लोगों ने बताया कि पिछले कई दिनों से राजौंद में गैस के लिए चक्र काट रहे हैं। परंतु गैस समय पर उपलब्ध नहीं हो रही। जबकि वह प्रतिदिन गैस लेने के लिए चक्कर लगा रहे हैं। उन्होंने बताया कि अब गैस के बिना रसोई घर का कोई भी काम शुरू नहीं होता। क्योंकि सभी कार्य गैस पर ही निर्भर है। सर्दी के इस मौसम में यह किल्लत बनी हुई है। राजौंद में पहले कभी भी गैस की समस्या नहीं हुई। लेकिन अब लगभग एक माह से गैस की कील्लत बनी हुई है। इस बारे में गैस कर्मचारियों से बात की गई तो, उन्होंने कहा कि बठिंडा में एचपी की गैस की स्पलाई आती है। लेकिन सोमवार को गैस का ट्रक नहीं आया।




जींद। रेहड़ी से सैंपल लेते हुए टीम सदस्य। फोटो :हरिभूमि

### खाद्य एवं सुरक्षा विभाग ने खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता को लेकर की कार्रवाई

## टीम ने हिंदू कन्या महाविद्यालय में कैंटीन तथा रेहड़ी से भरे छोले समोसों के सैंपल

### सैंपल भर लैब भेजे, गुणवत्ता तथा सफाई को लेकर दी हिदायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला खाद्य एवं सुरक्षा विभाग की टीम ने मगंलवार को राजकीय महिला महाविद्यालय, हिंदू कन्या महाविद्यालय कैंटीनों तथा एक रेहड़ी से खाद्य पदार्थों के सैंपल भरे। टीम ने कैंटीन संचालकों तथा रेहड़ी वालों को सफाई तथा खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता को लेकर विशेष हिदायत दी। भरे गए सैंपलों को जांच के लिए लैबोरटरी भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जिला खाद्य एवं सुरक्षा विभाग की टीम ने जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी डा. योगेश कादियान के नेतृत्व में मंगलवार को राजकीय महिला महाविद्यालय की कैटीन में दस्तक दी। टीम ने वहां से समोसा के सैंपल भरे। जिसके बाद टीम ने हिंदू कन्या कालेज में दस्तक दी और वहां कैटीन से वेज न्यूडलस के सैंपल भरे। टीम ने रास्ते में रेहड़ी वाले के भी छोले समोसे के सैंपल भरे। टीम ने कैंटीनों तथा रेहड़ी वाले को सफाई तथा खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता को लेकर विशेष हिदायते भी दी। भरे गए सैंपलों को टीम ने जांच के लिए लैबोरटरी भेज दिया है। सैंपल रिपोर्ट आने के बाद विभाग द्वारा आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

#### रिपोर्ट के आधार पर होगी कार्रवाई

जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी डा. योगेश कादियान ने बताया कि छात्रों को अच्छी गुणवत्ता के खाद्य पदार्थ खाने को मिले। इसको लेकर कालेज कैंटीनों से सैंपल भरे गए हैं। जिन्हें जांच के लिए लैबोरेटरी भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**जींद।** पिंडारा-निर्जन फ्लाईओवर के निकट ग्रीन फिल्ड हाइवे पर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। सिविल लाइन थाना पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर फरार अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। राज नगर निवासी अमरजीत बाइक पर सवार होकर ग्रीन फिल्ड हाइवे पर सवार होकर घर की तरफ लौट रहा था। पिंडारा-निर्जन फ्लाईओवर के निकट तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें अमरजीत गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना को अंजाम देकर चालक मौके से फरार हो गया। गभीर हालात में अमरजीत को नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।



# बॉर्डर 2 से सामने आया अहान का दमदार पोस्टर

**मुंबई।** देशभक्ति पर आधारित 'बॉर्डर 2' का पिछले काफी समय से फैंस को इंतजार है। सनी देओल, दिलजीत दोसांझ, अहान शेट्टी, वरुण धवन स्टारर इस फिल्म से अब अभिनेता अहान शेट्टी का पोस्टर सामने आ गया है। अहान ने पोस्टर शेयर करते हुए लिखा है- 'धरती हो या समंदर। धरती मां का हर बेटा ही कसम निभाता है।' बॉर्डर 2 सिनेमाघरों में 23 जनवरी 2026 को आ रही है। पोस्टर में अहान शेट्टी का दमदार लुक नजर आ रहा है। चेहरे पर उभरे चोट के निशान, गाल पर खून की धार और आंखों में झलकती दृढ़ता उनकी भूमिका को बेहद प्रभावशाली बना रही है।

लाइफ Style



# सारा
## यह सफर आशीर्वाद से कम नहीं

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री सारा अर्जुन ने रणवीर सिंह के साथ फिल्म 'धुरंधर' में बतौर लीड एक्ट्रेस डेब्यू किया है। उनके अभिनय की काफी तारीफ हो रही है। फिल्म में उन्होंने यमाली (राकेश बेदी) की बेटी एलीना का किरदार अदा किया है। उनके अभिनय और खूबसूरती ने दर्शकों को काफी प्रभावित किया है।

सारा ने फिल्म में काम करने का श्रेय कास्टिंग डायरेक्टर मुकेश छाबड़ा को देते हुए उनका शुक्रिया अदा किया है। सारा अर्जुन ने मंगलवार को इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने मुकेश छाबड़ा के साथ अपनी एक फोटो शेयर करते हुए एक लंबा नोट लिखा है। वे लिखती हैं, 'यह पोस्ट उस शख्स के लिए, जिसने मेरी जिंदगी का रास्ता बदल दिया। मेरे प्यारे मुकेश सर, कभी-कभी जिंदगी धीरे से पिता के साथ-साथ आपके रास्ते में एक और गाइड करने वाली मौजूदगी लाती है। कोई ऐसा जिसका विश्वास आपकी अपनी जड़ों की जगह नहीं लेता, बल्कि चुपचाप उन्हें मजबूत करता है। मेरे लिए, वह मौजूदगी आप हैं। आपने दुनिया को पता चलने से पहले ही मुझ पर इतना यकीन किया। चुपचाप किए गए आपके उस यकीन ने सब कुछ बदल दिया'। सारा ने आगे लिखा है, 'हर बार जब 'धुरंधर' की कास्टिंग की तारीफ होती है, तो मुझे बहुत गर्व होता है, क्योंकि आपकी समझ, आपके विजन और आपके दिल ने उस जादू को बनाया। मुझमें एलीना को देखने के लिए धन्यवाद। उन पलों में मेरी हिम्मत बनाए रखने के लिए धन्यवाद, जिनका नाम मुझे कभी नहीं लेना पड़ा। विज्ञापन से लेकर 'धुरंधर' तक, यह सफर किसी आशीर्वाद से कम नहीं लगता'।

हॉलीवुड मसाला



# विलेन के रोल में किया कमाल

**नई दिल्ली।** किसी भी फिल्म में एक हीरो से ज्यादा उसका विलेन का किरदार दमदार चुना जाता है। आजकल की फिल्में तो विलेन से ही हिट हो रही हैं। यही वजह है कि अब हीरो भी विलेन बनने से नहीं कतरा रहे हैं। अगर थोड़ा हॉलीवुड में झांके तो एक नाम है एक्टर डेविड प्राउज का, जो कि एक ब्रिटिश एक्टर हैं। जिस फिल्म में भी इन्होंने काम किया है, बहुत कमाल किया है। एक फिल्म में तो उनके कैरेक्टर ने करिश्मा ही कर दिखाया था। पूरी फिल्म में इनका चेहरा सामने नहीं आया और ना ही उनकी आवाज सुनने को मिली, लेकिन उनके इस विलेन रोल ने 'डार्थ वाडर' को यादगार बना दिया।



# बेटी के हाथों बने स्केच को देख हुईं भावुक...

**लॉस एंजिल्स।** दुनियाभर में अपनी पहचान बना चुकीं प्रियंका चोपड़ा जोनस ना सिर्फ प्रोफेशनल लाइफ में बल्कि पर्सनल लाइफ में काफी सुर्खियां बटोरती हैं। प्रियंका ने मालती द्वारा बनाया हुआ एक स्केच फैंस के साथ साझा किया। साथ ही प्रियंका ने बताया कि वो स्केच को देखकर काफी भावुक हो गईं। प्रियंका ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर यह स्केच शेयर किया। तस्वीर में मालती अपने नन्हे हाथों से बना एक स्केच पकड़े नजर आ रही है, जिसमें एक महिला अपने बच्चे को बाहों में थामे दिख रही है। इस स्केच के साथ कैप्शन में प्रियंका ने लिखा- मां ने तुम्हे पकड़ा हुआ है। इसी के साथ ही देसी गर्ल ने इमोशनल इमोजी भी बनाया। प्रियंका और निक जोनस हमेशा अपनी बेटी को अमेरिकी और भारतीय दोनों संस्कृतियों का अनुभव कराते रहते हैं।



# वी. शांताराम में जयश्री का निभाएंगी किरदार

**मुंबई।** फिल्ममेकर वी. शांताराम की बायोपिक फिल्म से अब सिद्धांत चतुर्वेदी के बाद फिल्म की अभिनेत्री तमन्ना भाटिया की भी पहली झलक सामने आई है। मेकर्स ने तमन्ना भाटिया का फर्स्ट लुक पोस्टर जारी किया है। फिल्म में तमन्ना जयश्री का किरदार निभा रही हैं। पोस्टर में तमन्ना का विंटेज लुक देखने को मिल रहा है। इस पोस्टर में तमन्ना बेबी पिंक कलर की साड़ी में नजर आ रही हैं। उनके पीछे बैकग्राउंड में हरा पर्दा और घास नजर आ रही है, जो संभवतः किसी फिल्म का सेट मालूम पड़ता है। इससे पहले फिल्म से सिद्धांत चतुर्वेदी का लुक सामने आया था। सिद्धांत फिल्म में वी. शांताराम का किरदार निभा रहे हैं। उनके पोस्टर को जारी करते हुए मेकर्स ने लिखा था, 'भारतीय सिनेमा को नया रूप देने वाला रिबेल अब वहीं लौट आया है, जहां उसे होना चाहिए था - बड़े पर्दे पर।'



# वध-2 के पोस्टर में छाए नीना-संजय

**मुंबई।** संजय मिश्रा और नीना गुप्ता एक बार फिर वध 2 के साथ लौट रहे हैं, जिसे जसपाल सिंह संधू ने लिखा और निर्देशित किया है। साल 2026 की सबसे चर्चित फिल्मों में तेजी से जगह बना रही है. लव रंजन और अंकुर गर्ग की लव फिल्म्स के बैनर तले बनी यह स्पिरिचुअल सीक्वल, वध की आत्मा को बरकरार रखते हुए एक नई कहानी में इन दिग्गज कलाकारों को नए किरदारों में पेश करती है। पोस्टर शेयर करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा, 'कभी-कभी जो दिखता है, वही पूरी सच्चाई नहीं होता! वध 2 सिनेमाघरों में 6 फरवरी 2026 से। दमदार लीड जोड़ी को दर्शाते इन आकर्षक पोस्टर्स ने दर्शकों को एक प्रभावशाली सिनेमाई अनुभव का अहसास पहले से ही करा दिया है। यह भी दिलचस्प है कि नए पोस्टर्स 9 दिसंबर 2025 को ही रिलीज़ किए गए।

टीवी मसाला



# बाबूजी से ऊंची आवाज में पूछा सवाल, तकिए के नीचे मिला जवाब

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन और उनके पिता हरिवंश राय बच्चन का रिश्ता बेहद गहरा, सम्मानपूर्ण और अनोखा था। पिता के किस्सों में अक्सर उन्होंने ये बताने की कोशिश की कि वह कितने सख्त और अनुशासनप्रिय थे, लेकिन प्यार भी उतना ही बेइंतहा था। अमिताभ उन्हें 'बाबूजी'कहकर पुकारते थे और उनकी हर बात को अंतिम मानते थे। 'कौन बनेगा करोड़पति'के सेट पर अमिताभ बच्चन ने हाल ही में पिता से जुड़ा एक ऐसा पुराना किस्सा सुनाया कि पूरा स्टूडियो हंसते-हंसते लोटपोट हो गया। मेगा स्टार ने खुलासा किया कि जिंदगी में सिर्फ एक बार उन्होंने अपने पिता, महान कवि हरिवंश राय बच्चन से ऊंची आवाज उठाई थी और पूछ डाला था 'हमें आपने पैदा क्यों किया?''कौन बनेगा करोड़पति' के सेट पर मेहमान आमिर खान के सामने उन्होंने जिंदगी के उस एकमात्र पल को याद किया, जब उन्होंने अपने पिता के सामने आवाज उठाई थी। अमिताभ ने बताया कि वो दिन कॉलेज के शुरुआती थे। बोर्डिंग स्कूल की सख्त जिंदगी के बाद अचानक आजादी मिली थी। दुनिया बहुत जटिल लगने लगी थी। घर लौटकर एक शाम गुस्से में उन्होंने बाबूजी से ये सवाल दाग दिया। अमिताभ बच्चन ने बताया कि ये सवाल सुनने के बाद हरिवंश राय बच्चन उस वक्त कुछ नहीं कहा, न कोई गुस्सा, न डांट, बिल्कुल खामोश और रोज की तरह सुबह 4-5 बजे अपनी रोज की सैर पर निकल गए। जब अमिताभ सुबह उठे तो तकिए के नीचे एक तह किया हुआ कागज मिला। उस पर पिता ने पूरी कविता लिखी थी। उस कविता का शीर्षक था 'नई लीख। बिग बी ने उस कविता का एक अंश उन्होंने पढ़कर सुनाया- 'जिंदगी और जमाने की कशमकश से घबराकर, मेरे लड़के मुझसे पूछते हैं, हमें पैदा क्यों किया था? तुम ही नई लीख धरना, अपने बेटों से पूछकर उन्हें पैदा करना।'

## एक टीवी शो से चमक गई किस्मत

**नई दिल्ली।** हसीना छोटी उम्र से परफॉर्मर हैं। एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में उनकी शानदार स्क्रीन प्रजेंस के साथ उनकी तरक्की वाकई काबिल-ए-तारीफ है। हम



बात कर रहे हैं सुमोना चक्रवर्ती की, जिन्होंने 'द कपिल शर्मा शो' में अपनी आइकॉनिक मौजूदगी से करोड़ों दिल जीते। सुमोना ने 11 साल की उम्र में आमिर खान और मनीषा कोइराला की 'मन' में चाइल्ड आर्टिस्ट के तौर पर एक्टिंग की शुरुआत की थी। सुमोना ने कुछ साल बाद कई शोज में काम किया और 2011 में हिट सीरीज 'बड़े अच्छे लगते हैं' से उन्हें बड़ी पहचान मिली। टीवी के अलावा सुमोना ने 'बर्फी!' और 'किक' जैसी फिल्मों में भी कैमियो किया, जिसमें उन्होंने छोटे रोल में भी अपनी रेंज दिखाई। सुमोना का सबसे यादगार किरदार कपिल शर्मा की ऑन-स्क्रीन पार्टनर के रूप में है, जिसमें उन्होंने अपनी तेज-तर्रार हाजिरजवाबी और मजेदार जवाबों से सबका दिल जीत लिया।

# एक-दूसरे की आंखों में खोए शबाना और जावेद

**मुंबई।** अभिनेत्री शबाना आजमी और दिग्गज गीतकार जावेद अख्तर बॉलीवुड की एक ऐसी जोड़ी हैं, जो उम्र के इस पड़ाव पर भी एक-दूसरे पर प्यार लुटाने का कोई मौका नहीं छोड़ते। दोनों की शादी को 41 साल हो गए हैं। मंगलवार को कपल अपनी शादी की 41वीं सालगिरह मनाया। इस मौके पर शबाना आजमी ने जावेद अख्तर के साथ एक खूबसूरत तस्वीर साझा की है। इस तस्वीर में कपल एक-दूसरे की आंखों में खोए नजर आ रहे हैं। तस्वीर को शेयर करते हुए शबाना आजमी ने कैप्शन में लिखा है, '41 साल की शादी के बाद एक-दूसरे को इतनी कोमलता से देख पाना ही सब कुछ कह देता है। हैप्पी एनिवर्सरी जादू।' दोनों की ये तस्वीर फैंस को काफी पसंद आ रही है। शबाना आजमी और जावेद अख्तर की इस तस्वीर पर एक ओर जहां फैंस अपना प्यार लुटा रहे हैं। वहीं, दूसरी ओर कई सेलेब्स भी इस पर कमेंट करके कपल को शादी की सालगिरह की शुभकामनाएं दे रहे हैं।



अभिनेत्री विद्या बालन ने जहां कमेंट कर, 'सालगिरह मुबारक हो' लिखा। वहीं, अभिनेता अनिल कपूर ने तीन रेड हार्ट इमोजी बनाए हैं। इसके अलावा उर्मिला मातोंडकर, दीया मिर्जा, सोनी राजदान, संध्या मृदुल, अभय देओल और मियांग चैंग ने भी कपल की इस खूबसूरत तस्वीर पर प्यार लुटाया है। वर्कफ्रंट की बात करें तो शबाना आजमी अभी भी फिल्मों में एक्टिव हैं। अभिनेत्री आखिरी बार इसी साल रिलीज हुई वेब सीरीज 'डब्बा कार्टेल' में नजर आई थीं। यह सीरीज महिलाओं के ऐसे समूह पर आधारित थी, जो खाने के डब्बों में रखकर ड्रग सप्लाई करती हैं। सीरीज को दर्शकों और क्रिटिक्स की अच्छी प्रतिक्रिया मिली थी।

# 83वें गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड की नॉमिनेशन लिस्ट जारी

**मुंबई।** अगले साल की शुरुआत में गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स का शानदार इवेंट होने वाला है। 11 जनवरी को यह अवॉर्ड अलग-अलग कैटेगरी में दिए जाएंगे। इस अवॉर्ड इवेंट को कॉमेडियन निक्की ग्लेसर होस्ट करेंगी। वह लगातार दूसरे साल इस अवॉर्ड फंक्शन को होस्ट कर रही हैं। 8 दिसंबर को गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड की नॉमिनेशन लिस्ट जारी की गई है।

### अलग-अलग कैटेगरी में हुआ फिल्मों का नॉमिनेशन

बेस्ट मोशन पिक्चर-ड्रामा कैटेगरी में फ्रैंकनस्टाइन, हैमनेट, इट वाज जस्ट एन एक्सीडेंट, द सीक्रेट एजेंट, सेंटिमेंटल वैल्यू, सिनर्स जैसी फिल्में शामिल हैं। वहीं बेस्ट मोशन पिक्चर, म्यूजिकल और कॉमेडी कैटेगरी में ब्लू मून, बुगोनिया, मार्टी सुप्रीम, नो अदर चॉइस, नोवेल वेग और वन बैटल आफ्टर अनदर शामिल रहीं।

### कॉमेडी कैटेगरी

इसी तरह मोशन पिक्चर की म्यूजिकल और कॉमेडी कैटेगरी में बेस्ट एक्ट्रेस के तौर पर रोज बर्न का



नॉमिनेशन हुआ, उन्होंने फिल्म 'इफ आई हेड लेग्स आई किक यू' में दमदार अभिनय किया है। इसी कैटेगरी में विकेडः फॉर गुड के लिए सिंथिया एरिवो, सॉन्ग संग ब्लू के लिए केट हडसन, वन बैटल आफ्टर अनदर के लिए चेस इनफिनिटी, द टेस्टामेंट ऑफ एन ली के लिए अमांडा सेफ्राइड और बुगोनिया के लिए एमा स्टोन का नाम शामिल है। वहीं, म्यूजिकल और कॉमेडी मोशन पिक्चर केटेगरी में ही बेस्ट एक्टर के तौर पर कई लोगों के शामिल हुए हैं। मार्टी सुप्रीम के लिए टिमोथी चालमेट, जैक केली के लिए जॉर्ज क्लूनी, वन बैटल आफ्टर अनदर के लिए लियोनार्डो डिकैप्रियो, ब्लू मून के लिए इथन हॉक, नो अदर चॉइस के लिए ली ब्युंग-हुन, बुगोनिया के लिए जेसी प्लेमन्स को नॉमिनेट किया गया है।

### इन डायरेक्टर्स-एक्टर का लिस्ट में शामिल हुआ नाम

83वें गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड की नॉमिनेशन लिस्ट में बेस्ट डायरेक्टर के तौर पर कई निर्देशकों के नाम शामिल हुए हैं। फिल्म वन बैटल आफ्टर अनदर के लिए पॉल थॉमस एंडरसन, सिनर्स के लिए रयान कूगलर, फ्रैंकनस्टाइन के लिए गुइलेर्मो डेल टोरो, इट वाज जस्ट एन एक्सीडेंट के लिए जाफर पनाही, सेंटिमेंटल वैल्यू के लिए जोआचिम ट्रायर और हैमनेट के लिए क्लो झाओ का नॉमिनेशन हुआ है।

### इन लोगों को भी मिला नॉमिनेशन

मोशन पिक्चर कैटेगरी में बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस के तौर पर कई एक्ट्रेस को नॉमिनेट किया गया है। जैसे द स्मैशिंग मशीन के लिए एमिली ब्लंट, सेंटिमेंटल वैल्यू के लिए एली फैनिंग, विकेडः फॉर गुड के लिए एरियाना ग्रांडे, सेंटिमेंटल वैल्यू के लिए इंगा इब्सडॉटर लिलियास, वेपन्स के लिए एमी मैडिगन और वन बैटल आफ्टर अनदर के लिए टेयाना टेलर को चुना गया है। वहीं, मोशन पिक्चर केटेगरी में बेस्ट सपोर्टिंग एक्टर के लिए बेनिशिया डेल टोरो, जैकब एलोर्डी, पॉल मेस्कल, शॉन पेन, एडम सैंडलर और स्टेलन स्कार्सगार्ड को चुना गया है।

## ये फिल्में रोमांस, कॉमेडी और एडवेंचर से भरी हैं

# सैंटा की इन खास 10 फिल्मों के साथ मनाएं क्रिसमस

*नई दिल्ली। 2025 में क्रिसमस के लिए ओटीटी पर कई सारी नई फिल्में आ गई हैं। ये फिल्में रोमांस, कॉमेडी और एडवेंचर से भरी हैं। इस बार इन 10 मजेदार फिल्मों के साथ मनाएं क्रिसमस। त्योहार की छुट्टियों में परिवार और इन फिल्मों के साथ मनाएं क्रिसमस। इन सभी हॉलीवुड फिल्मों को आप सभी अपने पसंदीदा ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स, प्राइम, डिज्नी+ पर देख सकते हैं।*

**जिंगल बेल हीस्ट :** हॉलीवुड फिल्म 'जिंगल बेल हीस्ट' 26 नवंबर 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। यह फिल्म अब ओटीटी पर भी उपलब्ध है। इस फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे दो दुकान कर्मचारी क्रिसमस की रात अपने ही स्टोर को लूटने का प्लान बनाते हैं। इस फिल्म में बहुत मजा और रोमांस है। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

**शैम्पेन प्रॉब्लम्स :** 'शैम्पेन प्रॉब्लम्स' इस साल 19 नवंबर को रिलीज हुई थी। इस फिल्म में एक लड़की पेरिस जाकर शैंपेन कंपनी खरीदना चाहती है, लेकिन उसी कंपनी के मालिक से प्यार हो जाता है। यह एक प्यारी रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। इसे आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

**ए मेरी लिटिल एक्स-मास :** हॉलीवुड फिल्म 'ए मेरी लिटिल एक्स-मास' की कहानी एक ऐसे परिवार की है, जिसमें तलाक के बाद माता-पिता बच्चों के लिए क्रिसमस साथ मनाते हैं, लेकिन नए पार्टनर आने से मजेदार उलझनें हो जाती हैं। 'ए मेरी लिटिल एक्स-मास' 12 नवंबर 2025 को रिलीज हुई थी। यह नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है।





**माई सीक्रेट सांता :** 'माई सीक्रेट सांता' कहानी है एक सिंगल मॉम और उसकी बाटी की। इस फिल्म में एक मां अपनी बेटी के लिए पैसे कमाने सांता बनती है। इस बीत वहां रिसॉर्ट मैनेजर को उससे प्यार हो जाता है। 'माई सीक्रेट सांता' 3 दिसंबर को रिलीज हुई है। इसे आप नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं।

**जॉय टू द वर्ल्ड :** 'जॉय टू द वर्ल्ड' 1 नवंबर 2025 के रिलीज हुई थी। इसकी कहानी काफी दिलचस्प है। एक फेमस लेडी का परफेक्ट फैमिली वाला झूठ पकड़ा जाता है, तो वो अपने बेस्ट फ्रेंड को नकली बॉयफ्रेंड बनाती है। फिर उसे सच में प्यार हो जाता है। 'जॉय टू द वर्ल्ड' को आर डिज्नी प्लस पर देख सकते हैं।

**टायलर पेरी फाइंडिंग जॉय :** 'टायलर पेरी फाइंडिंग जॉय' कहानी है एक फैशन डिजाइनर की। जो जिदगी से परेशान होकर पहाड़ों पर भागती है, वहां बर्फीले तूफान में उसकी मुलाकात एक अजनबी से होती है, जो उसकी खुशी लौटाता है। इसे आप प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं। 'टायलर पेरी फाइंडिंग जॉय' 5 नवंबर 2025 को रिलीज हुई थी।

**क्रिसमस एबव द क्लाउड्स':** 'क्रिसमस एबव द क्लाउड्स' 8 नवंबर को रिलीज हुई थी। इस फिल्म की कहानी एक लड़की की है, जो एक बिजी CEO के साथ प्लेन में फंस जाती है। जिसके बाद उसे क्रिसमस और प्यार का नया मतलब समझ आता है। 'क्रिसमस एबव द क्लाउड्स' को भी ओटीटी पर देख सकते हैं।

**ए वेरी जोनस क्रिसमस :** 'ए वेरी जोनस क्रिसमस' फिल्म जोनस ब्रदर्स की है। इस फिल्म में जोनस ब्रदर्स क्रिसमस मनाने घर जाने की रेस में हैं। यह फिल्म गाने, हंसी और मस्ती से भरपूर है। यह फिल्म बच्चों को बेहद पसंद आएगी। 'ए वेरी जोनस क्रिसमस' 14 नवंबर को रिलीज हुई थी।

## खबर संक्षेप

### मकान का टूटा ताला जेवरात व नकदी चोरी

**जींद।** गांव डूमरखां खुर्द में बीती रात चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर सोना व चांदी के जेवरात तथा नगदी को चोरी कर लिए। सदर थाना नरवाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रणधीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोर सोने, चांदी के जेवरात तथा 17 हजार रुपये की नगदी को चोरी कर लिया।

### बाड़े से भैंस व कटड़ी चोरी, मामला दर्ज

**जींद।** गांव आसन में बीती रात चोरों ने पशुबाड़े का ताला तोड़ कर एक भैंस तथा कटड़ी को चोरी कर लिया। सदर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव आसन निवासी सोमबीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात वह पशुओं को चारा डाल कर घर सोने चला गया।

### जरूरतमंद बच्चों को जूते किए वितरित

**नरवाना।** अग्रवाल वैश्य समाज द्वारा राजकीय स्कूल मेला मंडी ढाणी में जरूरतमंद बच्चों को जूते वितरित किए गए। प्रधान अर्जुन ने कहा कि जरूरतमंद की मदद करना सबसे बड़ा पुण्य है। अग्रवाल वैश्य समाज संस्था द्वारा हर वर्ष सर्दी के मौसम में समय-समय पर गरीब बच्चों के लिए जर्सियां- जूते ड्रैस आदि की सेवा के लिए सहयोग किया जाता है।

### सुंदरकांड पाठ का आयोजन

**नरवाना।** बाबा गैबी साहब परिसर में सुंदर कांड का पाठ किया गया। यह पाठ राम भगतों की राम रसोई के सदस्यों व पदाधिकारियों द्वारा करवाया गया। बाबा गैबी साहब महंत अजय गिरी महाराज के सानिध्य में यह पाठ करवाया गया। महंत अजय गिरी महाराज ने ज्योत प्रज्जवलित कर शुभारंभ किया । संजय कालड़ा द्वारा प्रसाद की सेवा दी गई। पुजारी रोशन लाल वेदपाठी द्वारा अपने मुखारविंद से सुंदरकांड पाठ किया गया।

### हिंदू कन्या कॉलेज की पूजा ने बाक्सिंग में जीता कांस्य

**जींद।** राजस्थान के खेलों इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में हिंदू कन्या महाविद्यालय की पूजा ने बॉक्सिंग में 50-52 किलोवर्ग भार वर्ग में कांस्य पदक जीता। इस उपलब्धि पर कॉलेज की प्राचार्या डा. पूनम मोर ने कहा कि छात्रा की इस उपलब्धि पर हमें बहुत गर्व है। पूजा की मेहनत व लगन ने महाविद्यालय को इस मुकाम तक पहुंचाया है। शारीरिक शिक्षा विभाग की इंचार्ज नीलम और शारीरिक शिक्षा विभाग की प्राध्यापिका डा. मीना ने खिलाड़ी को बधाई दी।

### मानव मित्र मंडल फ्री कोचिंग कक्षाओं की 60 छात्राएं उत्तीर्ण

**नरवाना।** हरियाणा कर्मचारी चयन बोर्ड ने चिर प्रतीक्षित संयुक्त पात्रता परीक्षा का परिणाम घोषित किया। इस परीक्षा में मानव मित्र मंडल नरवाना की महिलाओं के लिए चल रही निशुल्क कोचिंग एवं मार्गदर्शन कक्षाओं की 60 छात्राओं ने सफलता प्राप्त कर एक बार फिर इतिहास दोहराया है। शाखा के सचिव नरेश वत्स ने जानकारी देते बताया कि इस परीक्षा में तेरह लाख से अधिक अभ्यर्थी प्रविष्ट हुए थे।

### बाल विवाह मुक्त जींद के लिए अभियान का शुभारंभ

**जींद।** गैर सरकारी संगठन एमडीडी आफ इंडिया ने सरकार के साथ मिलकर बाल विवाह मुक्त भारत के 100 दिवसीय अभियान को जींद जिले में आरम्भ कर दिया है। जिला समन्वयक नरेंद्र शर्मा ने बताया कि जिला संरक्षण बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी नीलम एवं स्थानीय महिला थाना की टीम के साथ मिल कर धमतान साहिब गुरूद्वारे एवं खेड़ा गांव स्थित कन्या गुरूकुल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए।

### इलाज के लिए 15 दिन में मिलेगी आर्थिक सहायता

**जींद।** हरियाणा सरकार द्वारा आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने के दृष्टिगत मुख्यमंत्री राहत कोष के तहत चिकित्सा आधार पर वित्तीय सहायता प्राप्त करने वालों को सरल पोर्टल पर सुविधा प्रदान की जा रही है। इससे यह प्रक्रिया अधिक सरल हो गई है।

## ढांड के दो राइस मिलों में किया औचक निरीक्षण

# सीएम फ्लाइंग ने राइस मिलों में छापेमारी कर जांचा स्टाक

### राइसमिलरों में मचा हड़कंप, बड़े गोलमाल का अंदेशा

**किसान यूनियन का फर्जी गेट पास से धान घोटाले का आरोप**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ढांड

प्रदेश में चल रहा है धान घोटाले को लेकर सरकार की ओर से राइस मिलों में भौतिक सत्यापन करवाया जा चुका है। उसके बाद मंगलवार को सीएम फ्लाइंग द्वारा ढांड के दो राइस मिलों में औचक निरीक्षण किया गया। अब यह देखने की बात है की जांच में क्या सामने आएगा। क्योंकि किसान यूनियन द्वारा फर्जी गेट पास के माध्यम से धान घोटाले का आरोप लगाया जा रहा है। सब इंस्पेक्टर सतपाल सिंह ने बताया कि डीएसपी सुशील के नेतृत्व में टीम टीम बनाई गई है। इसमें खाद्य एवं आपूर्ति विभाग से इंस्पेक्टर दीपक, हैफेड से इंस्पेक्टर संजीव ढुल तथा वेयरहाउस से इंस्पेक्टर विकास को शामिल किया गया है। सरकार द्वारा धान खरीद कर सीएमआर का चावल तैयार करने के लिए राइस मिलों को दिया हुआ है। टीम ने संयुक्त रूप से पवार फूड तथा पवार राइस मिल ढांड में सरकार द्वारा दिए गए धान की जांच की जा रही है। कहा कि जांच के बाद रिपोर्ट उच्च अधिकारियों के पास भेजी जाएगी। सब इंस्पेक्टर ने कहा कि राइस मिल द्वारा जो कागजात टीम के सामने प्रस्तुत किए जाएंगे और इस समय मिल में मौके पर जो धान का स्टॉक लगा हुआ है उसका मिलान किया जाएगा। अगर किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पाई जाती है तो नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी।



ढांड। राइस मिल में जांच करते सीएम फ्लाइंग की टीम। फोटो :हरिभूमि

#### भौतिक सत्यापन कई बार हो चुका

ढांड राइस मिलर एसो के प्रधान जितेंद्र पोला ने बताया कि धान खरीद के बाद राइस मिलर सरकार द्वारा लगाई गई टीमों को भौतिक सत्यापन करवाने में लगे हुए हैं। हमारी सरकार से एक ही गुजारिश है की भौतिक सत्यापन कई बार हो चुका है। अबतो सीएमआर का चावल लगवाना शुरू कर दे। उन्होंने कहा कि हम व्यापारी हैं। सरकार से जो धान लिया है उसका एक-एक दाना निश्चित समय अवधि में लौट के लिए वचनबद्ध है।

#### राइस मिलों में हड़कंप

ढांड में सीएम फ्लाइंग की दस्तक देते ही राइस मिलों में हड़कंप मच गया। राइस मिलर इस बात से परेशान नजर आए की सरकार द्वारा तीन चरण का भौतिक सत्यापन पहले से करवाया जा चुका है।

#### धान के रिकार्ड को जांचा

**कलायत।** हरियाणा सरकार राज्यों के राइस मिलों की स्थिति को लेकर गंभीर नजर आ रही है। मंगलवार को गांव बात्ता के चौशाला रोड पर स्थित गोपाल राइस मिल में सीएम फ्लाइंग ने डीएसपी सुनील कुमार के नेतृत्व में दस्तक दी। इस दौरान टीम ने मिल में भंडारित की गई धान के रिकार्ड को जांचा। हैफेड इंस्पेक्टर संदीप ढुल ने बताया कि टीम की वेरिफिकेशन के दौरान मिल में किसी प्रकार की चूक नहीं मिली है। रिकार्ड का मिलान दुरुस्त पाया गया। इससे मिल संचालकों ने बड़ी राहत की सांस ली है। इस दौरान हेफेड , वेयर हाउस, फूड सप्लाई व अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। हैफेड इंस्पेक्टर संजीव ढुल ने बताया कि टीम को मिल में रिकॉर्ड के अनुसार स्टाक पुरा मिला। सुबह 10 बजे टीम मिल में पहुंची और लगभग 2 घंटे कार्यवाही चली। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला भर के राइस मिलों में धान भंडारण में पारदर्शिता के मद्देनजर सरकार के निर्देश पर प्रशासन द्वारा क्रमवार पीवी की जा रही है। इस फीजिकल वेरिफिकेशन में टीमें भंडारण की गहनता से जांच पड़ताल कर रही हैं। ताकि किसी प्रकार की गड़बड़ी मिलों में न हो पाए। कलायत एसडीएम अजय हुड्डा द्वारा भी हाल ही में जिला के विभिन्न मिलों में धान का स्टाक व स्थिति का निरीक्षण किया गया। इसी बीच सीएम फ्लाइंग का मिलों में गतिशील होना यह दर्शाता है कि शासन-प्रशासन मिलों की गतिविधियों लगातार नजर बनाए है।

# कैथल को नशा मुक्त बनाना लक्ष्य : एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

एसपी उपासना के कुशल नेतृत्व में कैथल पुलिस जहां आमजन को नशे के दुष्परिणामों बारे अवगत करवाते नशा न करने बारे जागरूक कर रही है, वहीं नशा तस्करों पर लगातार शिकंजा भी कसा जा रहा है। कैथल पुलिस द्वारा साल 2025 दौरान 11 माह में 100 मामले दर्ज करके 182 नशा तस्करों को काबु किया गया है। एसपी उपासना ने बताया कि नशा मुक्त अभियान के माध्यम से पुलिस का उद्देश्य आमजन को नशे की बुराइयों से अवगत करवाना तथा नशे के आदी युवाओं को समाज की मुख्यधारा में जोड़ना है।



कैथल। आमजन को नशा ना करने बारे जागरूक करती पुलिस टीम।

#### नशा तस्करों पर कसा जा रहा शिकंजा

कैथल पुलिस द्वारा आमजन को जागरूक करने के साथ साथ नशा तस्करों पर भी शिकंजा कसा जा रहा है। जो इस मुहिम दौरान वर्ष 2025 दौरान जनवरी से नवंबर तक 11 माह में नशा तस्करी के 100 मामले दर्ज किए गए। जिनमें 182 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से 14.505 किलोग्राम अफीम, 10.194 किलोग्राम चरस, 72.60 किलोग्राम चुरापोस्त, 258.895 ग्राम हैरोइन, 73.442 किलोग्राम गांजा, 1617.574 किलोग्राम डोडापोस्त, 3.935 किलो अफीम फसल पौधे, 65897 नशीली गोलियां तथा 305 नशीले इंजेक्शन सहित भारी मात्रा में नशीला पदार्थ बरामद किया गया।



राजौंद। गांव सोंगल में आयोजित बैठक में भाग लेते। फोटो :हरिभूमि

### भाजपा राजौंद मंडल की बैठक

**राजौंद।** भाजपा राजौंद मंडल की संगठनात्मक मीटिंग सोंगल गांव के परशुराम भवन में आयोजित की। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा राजौंद मंडल अध्यक्ष सुशील पांचाल ने की। जिसमें मुख्य अतिथि हरियाणा प्रदेश के संगठन मंत्री फणींद्र नाथ शर्मा मौजूद रहे। संगठन मंत्री ने सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को आगामी कार्यक्रम से अवगत करवाया और सभी कार्यकर्ता में जोश भरने का काम किया। संगठन को लेकर सभी कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन भी किया। इस दौरान जिला अध्यक्षा ज्योति शर्मा, पूर्व राज्य मंत्री कमलेश ढांडा, जिला महामंत्री मुनीश शर्मा फरल,जिला उपाध्यक्ष कुलविंदर राणा,महामंत्री लोकेश राणा व पवन शर्मा, अजय प्रताप,भाजपा युवा नेता तुषार ढांडा,जोनी राणा मंडल प्रभारी अजय प्रताप राणा, जिला उपाध्यक्ष जंगीर सिसला, मंडल अध्यक्ष जाखौली अनील मलिक, मंडल अध्यक्ष बालू नरेन्द्र जुलानी खेड़ा,मंडल महामंत्री पवन शर्मा, लोकेश राणा, नपा चेयरमैन बबीता रानी, राजौंद ब्लॉक समिति चेयरमैन सुमन देवी आदि मौजूद रहे।

### 20वीं धार्मिक बस यात्रा को सफल बनाने की तैयारी

**सीवन।** श्री बाबा खाटू श्याम परिवार सीवन की ओर से प्रस्तावित 20वीं धार्मिक बस यात्रा की तैयारियों को लेकर आयोजित बैठक में यात्रा को भव्य और सफल बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता संस्था के प्रधान एवं पार्षद संजय कंसल तथा वरिष्ठ सदस्य विक्की ग्रोवर ने संयुक्त रूप से की। बैठक में बताया गया कि यह दिव्य बस यात्रा 25 दिसंबर को सुबह 6 बजे रामलीला मैदान सीवन से रवाना होगी। दो दिवसीय इस यात्रा में श्रद्धालु श्री बाबा खाटू श्याम धाम और उसके बाद श्री सालासर बालाजी धाम के दर्शन करेंगे। यात्रा को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए खाने-पीने, जलपान, ठहराव, स्नान और सुरक्षा के लिए अलग-अलग टीमों का गठन कर दिया गया है। प्रत्येक टीम को उसकी जिम्मेदारी सौंप दी गई है ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

### स्ट्रीट लाइटें खराब, जनता परेशान

**उचाना।** शहर के वार्ड नंबर 7 में लगी स्ट्रीट लाइटें कई दिनों से खराब रहने से अंधेरा रहता है। अंधेरा होने से गली से आने.जाने वाले राहगीरों सहित वार्ड के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। काफी दिनों से स्ट्रीट लाइटें खराब हैं। लाइटें लगने के बाद लोगों को आवागमन में रात के समय फायदा हो रहा था। रात को आने-जाने वालों को लाइटें लगने से किसी तरह के घटना होने का डर नहीं रहता क्योंकि रोशन में दूर तक आने.जाने वाला दिखाई देता है। राहगीर सुखबीर, बलवान, सुनील ने कहा कि स्ट्रीट लाइटें लगने के रात को आने-जाने में किसी तरह की डर नहीं रहता है। काफी दिनों से लाइटें खराब है जिसके चलते शाम होते ही अंधेरा छा जाता है। जो लाइटें खराब है उनको ठीक करवाया जाए ताकि आने-जाने में हो रही परेशानी दूर हो। नपा सचिव अशोक डांगी ने कहा कि जो लाइटें खराब है उनको जानकारी मिलते ही ठीक करवाया दिया जाता है। नपा में शिकायत रजिस्ट्रर रखा गया है जहां कोई भी आकर अपनी शिकायत दर्ज करवा सकता है। वार्ड में लाइटें खराब होने की शिकायत नहीं आई है। लाइटें खराब है तो उन्हें ठीक करवा दिया जाएगा।



उचाना। वार्ड नंबर 7 में खराब स्ट्रीट लाइटों के चलते अंधेरा।



उचाना। बिट्स पिलानी पहुंचे केवि बुडायन के विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

### एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण किया

**उचाना।** पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय बुडायन के कक्षा सातवीं से बारहवीं तक के 190 छात्रों ने 15 शिक्षकों के साथ राजस्थान स्थित देश के प्रतिष्ठित तकनीकी संस्थान बिट्स पिलानी का एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण किया। विद्यालय द्वारा आयोजित इस अध्ययन दौरे का उद्देश्य विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा संस्थानों के वातावरण, आधुनिक शोध प्रक्रियाओं तथा तकनीकी नवाचारों से अवगत कराना था। विद्यार्थियों ने संस्थान के विज्ञान एवं इंजीनियरिंग विभागों, उन्नत प्रयोगशालाओं, नवाचार केंद्रों, रोबोटिक्स यूनिट और विभिन्न अनुसंधान सुविधाओं का अवलोकन किया। विशेषज्ञों ने छात्रों को उभरती तकनीकों, इंजीनियरिंग शिक्षा की संभावनाओं और वैज्ञानिक अनुसंधान के महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। विद्यार्थियों ने भी संबंधित विषयों पर प्रश्न रखे और करियर से जुड़े मुद्दों पर मार्गदर्शन प्राप्त किया। अध्ययन दौरे के दौरान विद्यार्थियों ने बिट्स पिलानी की केंद्रीय लाइब्रेरी का भ्रमण कर वहां उपलब्ध विशाल पुस्तक संग्रह, डिजिटल रिसोर्सेज, ई लाइब्रेरी सेवाओं तथा शोध सामग्री की उपलब्धता को नजदीक से समझा।

### आक्रोश प्रदर्शन को लेकर किए गांवों के दौरे

**उचाना।** विभिन्न निर्माण मजदूर यूनियनों का संयुक्त निर्माण मोर्चा का राज्य स्तरीय जत्था 14 दिसंबर को कुरुक्षेत्र में मुख्यमंत्री आवास पर होने वाले आक्रोश प्रदर्शन का निमंत्रण देने उचाना ब्लॉक के भौंगरा, उदयपुर, पालवां, करसिंधु में पहुंचा और सभाएं की। भवन निर्माण कामगार यूनियन हरियाणा सीटू के राज्य सचिव कपूर सिंहए भवन निर्माण मजदूर संघ इंटक के राज्य उपप्रधान सतीश बड़ौदा, मजदूर नेता विक्रम उदयपुर ने संबोधित किया। मजदूर नेताओं ने बताया निर्माण मजदूरों की समस्याओं को लेकर प्रदेशभर में 3 दिसंबर से जत्था चला है और मजदूरों को उनके हकों के लिए जागरूक करते आक्रोश प्रदर्शन में बढ़.चढ़ कर भाग लेने का आह्वान कर रहा है। सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों का मजदूरों में भारी रोष है। क्योंकि पांच माह से निर्माण मजदूरों का पंजीकरण अनैतिक तरीके से बंद कर रखा है। जिसके कारण निर्माण मजदूरों को कन्यादान, मातृत्व, पितृत्व, छात्रवृत्ति आदि सुविधाओं से वंचित हो रहे हैं। 14 दिसंबर को प्रदेशभर का निर्माण मजदूर कुरुक्षेत्र में मुख्यमन्त्री आवास पर आक्रोश प्रदर्शन करेंगे।



उचाना। सभा में पहुंचे आसपास के गांव से मजदूर। फोटो :हरिभूमि



जींद। कन्या उत्सव को लेकर बैठक करते श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

### गुप्त नवरात्रों में 11 हजार कन्याओं का होगा पूजन

**जींद।** मानव कल्याण एवं सुख समृद्धि के लिए प्रति वर्ष की भांति इस बार भी महाभारत कालीन जयंती देवी मंदिर में भव्य कन्या पूजन होगा। माता के दरबार में गुप्त नवरात्रों के शुभारंभ के साथ 51 पंडित प्रतिदिन सवा लाख नवार्ण मंत्रों का जाप करेंगें। इस भव्य कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर श्री जयंती देवी मन्दिर सिद्धपीठ में पुजारी नवीन कुमार शास्त्री के सानिध्य में बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान श्री जयन्ती महायज्ञ एवं कन्या पूजन उत्सव 2026 को लेकर समस्त श्रद्धालुओं में यह निर्णय हुआ कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गुप्त नवरात्र के उपलक्ष में आयोजित होने वाले श्री जयंती महायज्ञ कन्या पूजन उत्सव 2026 खास होगा। इस आयोजन को लेकर सभी ने अपने विचार व्यक्त किए। निर्णय के बाद पुजारी नवीन शास्त्री ने कहा कि 18 जनवरी 2026 रविवार मोनी अमावस्या को रानी तालाब से श्री जयंती देवी मन्दिर तक भव्य कलश यात्रा का आयोजन होगा। जिसमें लगभग 1500 से अधिक महिला श्रद्धालुओं द्वारा भव्य माँ की पालकी के साथ यात्रा निकाली जाएगी।



जींद। धार्मिक यात्राओं पर गणमान्य लोग। फोटो :हरिभूमि

### धार्मिक व ऐतिहासिक स्थलों की यात्रा की

**जींद।** अखिल भारतीय अग्रवाल समाज जिला जींद के पदाधिकारियों ने प्रधान राजकुमार गोयल की अध्यक्षता में सपरिवार एक दिवसीय दिल्ली स्थित कई धार्मिक व ऐतिहासिक स्थलों की यात्रा की। प्रधान राजकुमार गोयल ने हरी झंडी दिखा कर टूरिस्ट बस को रवाना किया। यात्रा में करीबन 60 महिलाओंए पुरुष और बच्चों ने भाग लिया। इस दौरान महात्मा गांधी म्यूजियम, खाटू श्याम धाम मंदिर, स्वामीनारायण अक्षरधाम मंदिर इत्यादि धार्मिक व ऐतिहासिक तीर्थ स्थलों की यात्रा की गई और इनके बारे में धर्म व इतिहास से जुडी जानकारियां ली गई। इस अवसर पर प्रधान राजकुमार गोयल ने कहा कि अग्रवाल समाज समय समय पर इस प्रकार के धार्मिक व ऐतिहासिक यात्राओं का आयोजन करता रहता है। अभी तक अग्रवाल समाज दर्जनों स्थलों की यात्रा कर चूका है। गोयल ने कहा कि ये यात्राएं जहां समाज में आपसी एकताए सद्भाव और सांस्कृतिक जागरूकता को बढावा देती हैं वही आज की युवा पीढ़ी को इतिहास और धर्म की जानकारी उपलब्ध करवाने में ये यात्राएं बेहद महत्वपूर्ण साबित होती हैं।

# बाजारों में सड़क पर खड़े वाहनों से लगने वाले जाम के कारण चालक परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

बाजारों में सड़क पर खड़े वाहन के चलते लगने वाले जाम के चलते वाहन चालक परेशान रहते है। यहां पर वाहन को खड़ा कर चालक देरी से आने के चलते जाम की स्थिति बन जाती है। जाम में फंसने वाले वाहन चालकों ने सड़क किनारे वाहन खड़ा कर चले जाने वाले चालक के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है ताकि वाहन सड़क पर चालक खड़ा कर न जाए। राजीव, मंजीत, अमन ने कहा कि फसल के सीजन के चलते अनाज मंडी में जाम रहता है। कई बार वाहन वाहन को खड़ा कर चले जाते हैं, जिससे जाम की स्थिति ज्यादा समय तक बनी रहती है। लितानी रोड, रेलवे रोड, अनाज मंडी सहित विभिन्न बाजारों में वाहन सड़क पर खड़े रहने से जाम की स्थिति बनती है। सड़क पर वाहन खड़ा कर जाम की स्थिति बनाने वाले चालक के खिलाफ कार्यवाही होनी चाहिए ताकि जाम की स्थिति मंडी में न बने। थाना प्रभारी दिलबाग सिंह ने बताया कि सड़क पर वाहन खड़ा करने जाम की स्थिति पैदा करते हुए कोई भी चालक पाया गया तो उसके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।



उचाना। मंडी रोड पर जाम में फंसे वाहन चालक। फोटो :हरिभूमि



जींद। बच्चों से बातचीत करते हुए अनिल मलिक। फोटो :हरिभूमि

### मन की समझ विषय पर सेमिनार

**जींद।** गांव कंडेला स्थित राजकीय वमावि में राज्यस्तरीय परियोजना बाल सलाह, परामर्श एवं कल्याण केंद्रों की स्थापना के तहत बाल सुरक्षा पथ, अचेतन मन की शक्ति, चेतन मन की समझ विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता मंडलीय बाल कल्याण अधिकारी रोहतक अनिल मलिक ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि किशोरावस्था मानव विकास में जिज्ञासा, उत्साह, ऊर्जा से परिपूर्ण शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य की मजबूत आधारशिला रखने का अनूठा चरण है। अचेतन मन की शक्ति को जानने के लिए मन की गहराई से जुड़े सपनों का विश्लेषण करते रहें। सकारात्मकता का अभ्यास जरूरी है। विजुअलाइजेशन करते रहें कि शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के मद्देनजर आशावादी नजरिया व सकारात्मक सोच बनाए रखें ।

## दो दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम का किया आयोजन

# 15 स्कूलों के 60 प्रतिभागियों ने करवाया पंजीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

गुरुकुल पूंडरी फतेहपुर में शिक्षकों के लिए नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत जॉयफुल मैथमेटिक्स विषय पर सीबीएसई-सीओई पंचकूला के निर्देशानुसार दो दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किया । कार्यक्रम में कैथल, करनाल, पिहोवा, संगरूर, अंबाला और कुरुक्षेत्र समेत विभिन्न जिलों के 15 स्कूलों के 60 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया। कार्यक्रम का संचालन स्कूल की प्रधानाचार्या सुमन कुमारी के निर्देशन में हुआ। प्रशिक्षण की अध्यक्षता सीबीएसई के अनुभवी संसाधन प्रवक्ता जतिंदर आर्य और कविता ने की। दोनों प्रशिक्षकों का स्कूल प्रबंधन द्वारा स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत यज्ञ के साथ की गई। जतिंदर आर्य जो गणित शिक्षण में तीन दशक का अनुभव रखते हैं, ने शिक्षकों को गणित विषय को रोचक सरल बनाने के लिए कई नवाचारी सुझाव दिए। वहीं, कविता ने युवा शिक्षार्थियों में विश्लेषणात्मक कौशल व गणित के प्रति रुचि विकसित करने के प्रभावी तरीकों को साझा किया दो दिवसीय प्रशिक्षण में 54 शिक्षकों ने भाग लेकर गणितीय समस्याओं की गहन समझ और उन्हें हल करने के नए, सरल व रोचक तरीकों की अंतर्दृष्टि प्राप्त की। विषय विशेषज्ञों ने खेल-खेल में गणित पढ़ाने, समस्या समाधान आधारित शिक्षण तथा बच्चों के सर्वांगीण विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की।



पूंडरी। गुरुकुल में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेते प्रतिभागी।

#### प्रतिभागियों का किया आभार व्यक्त

प्रधानाचार्या सुमन कुमारी ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में आधुनिकता और रचनात्मकता को बढ़ावा देने के लिए ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम भविष्य में भी लगातार आयोजित किए जाते रहेंगे। स्कूल प्रबन्धक समिति की सदस्या कुसुम कंसल ने इस पहल की सराहना करते कहा कि ऐसे कार्यक्रम शिक्षकों को निरंतर सीखने और खुद को अपडेट रखने में मदद करते हैं। कार्यक्रम का संचालन स्कूल की प्रधानाचार्या सुमन कुमारी के निर्देशन में हुआ। प्रशिक्षण की अध्यक्षता सीबीएसई के अनुभवी संसाधन प्रवक्ता जतिंदर आर्य और कविता ने की। दोनों प्रशिक्षकों का स्कूल प्रबंधन द्वारा स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत यज्ञ के साथ की गई।उन्होंने कहा कि प्रतिभागी शिक्षक इस प्रशिक्षण को अपनी कक्षाओं में लागू करने के लिए उत्साहित हैं। कार्यक्रम के समापन पर प्रधानाचार्या ने सभी प्रशिक्षकों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते धन्यवाद ज्ञापित किया।



जींद। विजेता बच्चों को सम्मानित करते हुए। फोटो :हरिभूमि

### विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता में दुर्गा प्रथम

**जींद।** राजकीय कन्या वमावि में जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता का आयोजन किया । मुख्यातिथि के रूप में उप जिला शिक्षा अधिकारी प्रदीप दहिया ने शिरकत की। कहा कि विद्यार्थियों को विज्ञान प्रतियोगिताओं में भाग लेना चाहिए। विज्ञान एक रोचक विषय है और इससे घबराने की जरूरत नहीं है। प्रतियोगिताओं में भाग लेने से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ता है और आगे बढने की प्रेरणा मिलती है। विद्यार्थियों ने सात थीम पर मॉडल प्रस्तुत किए। जिला विज्ञान विशेषज्ञ रणधीर लोहान ने बताया कि जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता में 128 विद्यार्थियों ने भाग लिया। स्थायी कृषि सब थीम में राजकीय वमामवि करेला-झमोला के 11वीं कक्षा के विद्यार्थी राबिन ने प्रथम, राजकीय वमावि रिटौली के 10वीं कक्षा के विद्यार्थी संस्कार ने दूसरा और राजकीय वमावि डाहौला की 12वीं कक्षा की छात्रा सोनिया ने तीसरा स्थान हासिल किया।

## खबर संक्षेप



### नव वर्ष पर भव्य भंडारा तैयारियां अंतिम चरण में

**गुहला चीका।** नव वर्ष के पावन अवसर पर मां ज्वाला जी इंटरनेशनल फाउंडेशन ट्रस्ट, चीका द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भव्य भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। यह भंडारा 30 व 31 दिसंबर और 1 जनवरी को हिमाचल प्रदेश स्थित अंबा होटल परिसर में भक्तिमय वातावरण के बीच संपन्न होगा। सुचारू एवं सफल व्यवस्था के लिए ट्रस्ट द्वारा सभी सदस्यों को विभिन्न सेवाओं और जिम्मेदारियों का विभाजन किया गया है।

### हवाई यात्रा संकट की जांच की जाए: प्रेम चंद

**कैथल।** सीपीआई (एम) देश में हवाई यात्रियों की पूरी तरह से अनदेखी पर अपना कड़ा गुस्सा ज़ाहिर करती है। पार्टी देश में हवाई यात्रा में मौजूदा संकट को भारत के हवाई ट्रांसपोर्ट सेक्टर में लगभग मोनोपॉली के उभरने से जुड़े ढांचागत कारणों का नतीजा मानती है। न्यायालय के निर्देशों के बाद, महानिदेशक, नागरिक उड्डयन द्वारा लाए नए नियम, हवाई चालक दल, खासकर पायलटों की थकान का प्रबंधन सुनिश्चित करने और आम तौर पर हवाई यात्रियों की सुरक्षा की चिंताओं को दूर करने के लिए थे।

### आनंद स्वामी यज्ञ तीर्थ का उद्घाटन आज

**नरवाना।** डीएवी स्कूल नरवाना में बुधवार को विद्यालय प्रांगण में बनी महात्मा आनंद स्वामी यज्ञ तीर्थ का उद्घाटन होगा। विद्यालय प्राचार्य गजेंद्र शर्मा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि लगभग तीन लाख रुपए की लागत से बनी यज्ञशाला जो की बहुत ही आकर्षक बनाई गई है। यज्ञ शाला का नाम महात्मा आनंद स्वामी यज्ञ तीर्थ रखा गया है। प्राचार्य गजेंद्र शर्मा ने बताया कि इस यज्ञशाला में प्रतिदिन यज्ञ हुआ करेंगे । विद्यालय के जिस भी छात्र का जन्मदिन होगा वह सर्वप्रथम यज्ञ शाला में हवन करेगा।

### इनेलो किसान प्रकोष्ठ की कार्यकारिणी बनाई

**कलायत।** इनेलो किसान प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष सलिंद्र प्रताप राणा ने कलायत हलका कार्यकारिणी घोषित की है। कलायत में प्राचीन कपिल मुनि सरोवर तट पर स्थित विश्वकर्मा वाटिका में सलिंद्र प्रताप राणा, जिला संयोजक मोनी बालू, शमशेर कुराड़, सतबीर ढुल, जसदेव सिंह, धूप सिंह, जोगी राम बेदी व अन्य पदाधिकारियों की अगुवाई में आयोजित बैठक में संगठन से जुड़े कई अहम निर्णय लिए गए। इसमें सतबीर ढुल बढ़सीकरी को किसान प्रकोष्ठ हलका अध्यक्ष की कमान सौंपी है।

### गलत तरीके से फैमिली आईडी में जोड़ा नाम

**कैथल।** थाना शहर कैथल पुलिस ने फेमिली आइडी पर गलत नाम इंद्राज करवाते हुए उसका बीपीएल राशन लेने के आरोप में एक महिला सहित दो व्यक्तियों को नामजद किया है। इस संबंध में कैथल की संध्या ने थाना शहर पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि उसकी फैमिली आईडी में मुनीष कुमार और ज्योति जांगडा ने मिलीभगत करते हुए राजो देवी नामक महिला का नाम जोड़ दिया है। उसने बताया कि उसका बीपीएल राशन कार्ड बना हुआ था।

### अतिशीघ्र तबादले करे सरकार : रामफल

**कैथल।** हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ संबद्ध सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा एवं स्कूल टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के जिला प्रधान रामफल दयोहरा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि संगठन का प्रतिनिधिमंडल राज्य महासचिव रामपाल शर्मा की अगुवाई में शिक्षक तबादला नीति पर संगठन के सुझावों को शामिल करते हुए अतिशीघ्र तबादले की मांग को लेकर निदेशक महोदय माध्यमिक शिक्षा हरियाणा जितेंद्र दहिया से मिला।

## राजकीय महाविद्यालय में हुआ मॉक ड्रिल का आयोजन

# बजा सायरन, मचा हड़कंप, 10 मिनट बाद पता चला मॉक ड्रिल थी

**एनडीआरएफ टीम ने मॉक ड्रिल के माध्यम से आपदा प्रबंधन के सिखाए गुर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

राजकीय महाविद्यालय परिसर में मंगलवार को एनडीआरएफ टीम द्वारा भूकंप सहित अन्य प्राकृतिक आपदाओं से निपटने की तैयारी को लेकर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। पहले सायरन बजा तो किसी को कुछ समझ नही आया और अफरा-तफरी बन गई। दस मिनट बाद समझ आया कि मॉक ड्रिल की जा रही है। सबसे एनडीआरएफ टीम ने कालेज के कामर्स डिमार्टमेंट की बिल्डिंग में रेस्क्यू लेडर का उपयोग कर ऊंचाई पर फंसे विद्यार्थियों को सुरक्षित बाहर निकाला। दरवाजा काट कर टीम स्ट्रेचर व अन्य सहायक सामग्री के साथ अंदर पहुंची। टीम के सदस्य अंदर पहुंचने के बाद दरवाजा खोलना भूल गए और दरवाजे के कटे हुए हिस्से ही पहले एक विद्यार्थी को ऑक्सीजन पाइप लगाकर स्ट्रेचर पर ही बाहर निकाला गया। फिर दूसरे विद्यार्थी को हाथ व पांव पकड़ कर दरवाजे के कटे हुए हिस्से ही बाहर निकाला गया। इसके बाद एनडीआरएफ टीम के सदस्यों को दरवाजा खोलना याद आया। फिर उन्होंने दरवाजा खोला और अन्य विद्यार्थियों को बेहोशी की हालत में बाहर निकाला। इस अवसर पर प्राचार्य डा. सत्यवान मलिक, प्रियंका, डा. भगवान दास, रितु, अमन, सोनू सिहाग, मंजीत, शिव कुमार व पूनम भी मौजूद रहे।

मॉक ड्रिल में भाग लेते अधिकारी व कर्मचारी





### दरवाजा काटने में लग गए दस मिनट

मॉक ड्रिल के दौरान जब एनडीआरएफ टीम कॉमर्स डिपार्टमेंट के मुख्य दरवाजे के पास पहुंची तो वह अंदर से लॉक था। टीम ने ड्रिल मशीन से बिल्डिंग का मुख्य दरवाजा काटने की प्रक्रिया शुरू की। आरा मशीन से दरवाजा काटने में टीम को लगभग दस मिनट लग गए। वहीं मॉक ड्रिल का अभ्यास के दौरान अंदर फंसे विद्यार्थी बचाओ, बचाओ चिल्लाते रहे।

### गोहाना रोड पर लगा जाम

राजकीय महाविद्यालय में मॉक ड्रिल के दौरान जब एंबुलेंस घायल विद्यार्थियों को लेकर बेहर उपचार के लिए कालेज से बाहर निकली तो गोहाना रोड पर वाहनों का आवागम रोक दिया गया। गोहाना रोड पर जाम की स्थिति पैदा हो गई। एंबुलेंस निकलने के बाद वाहनों को आगे जाने दिया। नागरिक अस्पताल से लेकर महिला कालेज तक जाम की स्थिति बनी रही।

### आपदा प्रबंधन की जागरुकता आवश्यक

नगराधीश मोनिका ने बताया कि आपदा प्रबंधन की जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। यह माक ड्रिल जिला प्रशासन की तैयारियों का एक महत्वपूर्ण परीक्षण था। सभी विभागों, विद्यार्थियों और एनडीआरएफ टीम ने पूरे समर्पण के साथ भाग लिया। आज जो सीख मिली है, उसे सभी संबंधित टीमें भविष्य में किसी भी आपातकालीन स्थिति में प्रभावी रूप से लागू करेंगी।

### आपदा प्रबंधन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम : अनिल

एनडीआरएफ के असिस्टेंट कमांडेंट अनिल कुमार ने बताया कि सभी टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उपस्थित लोगों को यह समझाया कि आपातकालीन स्थिति में बिना घबराए कैसे प्रभावी और सुरक्षित तरीके से कार्य किया जाए। यह मॉक ड्रिल आपदा प्रबंधन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैए जिसका उद्देश्य जागरूकता बढ़ाना और वास्तविक परिस्थिति में त्वरित व समन्वित कार्रवाई सुनिश्चित करना था। जिला प्रशासन और कालेज स्टाफ का सहयोग उत्कृष्ट रहा।



कैथल। किसान ईश्वर कुंडू को सम्मानित करते पदाधिकारी।

## कृषि अनुसंधान परिषद ने किया समारोह

# कैथल के किसान ईश्वर कुंडू को मिला मिलेनेयर फार्मर अवॉर्ड

- केवल दसवीं तक की शिक्षा होने के बावजूद कई खोज की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के पूसा नई दिल्ली स्थित संस्थान में जिसमें देश भर से कृषि क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले वाले,खेती की समस्याओं का समाधान खोजने वाले नवीनमेषी किसानों को सम्मानित किया गया।

योजना आयोग के पूर्व अध्यक्ष कि अध्यक्षता में उत्तरप्रदेश कला अकादमी के अध्यक्ष श्री गिरीश चंद्र मिश्रा, उपमहानिदेशक भारतीय कृषि अनुसंधान डा राकेश चंद्र अग्रवाल, रिकी थापर सचिव पॉल्ट्री फेडरेशन व अन्य गण्यमान्य जनों कि उपस्थिति में दिया गया। समस्त भारत से नवीनमेषी किसानों का चयन किया गया। हरियाणा के कैथल जिले के किसान ईश्वर सिंह कुंडु कि खोज को इस सम्मेलन में सम्मान के लिए हेतु चुना गया है। बता दें कि जिले के किसान ईश्वर कुंडु ने केवल दसवीं तक की शिक्षा होने के बावजूद,बेहद सीमित संसाधनों के साथ कृषि क्षेत्र के लिए कई खोजें की हैं। भारत की कृषि को जहर मुक्त करने,किसान का खर्च कम करने,पैदावार बढ़ाने की दिशा में लगभग एक दशक तक शोध किये,व अपनी खोज व विचार को विदेशों तक पहुंचाया।

**कई सम्मान मिले**

आज किसान की खोज जो कमाल के नाम से देशभर के किसानों के मध्य लोकप्रिय हो चुकी है। इसकी बदौलत कैथल जिले का नाम दुनिया भर में गूंज रहा है। भारत के पूर्व राष्ट्रपति डा ए पी जे अब्दुल कलाम से लेकर श्री रामनाथ कोविन्द तक ने किसान की खोज को सम्मान दिया। लिमका बुक ऑफ रिकॉर्ड,इंडिया बुक आफ रिकॉर्ड सहित चार बार रिकॉर्ड कायम किये। इस किसान कि खोज पेटेंट गजट में प्रकाशित हो चुकी है। राष्ट्रपति भवन में भी कई दिन राष्ट्रपति के मेहमान के तौर पर निवास का अवसर मिल चुका है।

## महाराजा सूरजमल जाट वेलफेयर सोसाइटी ने पहल की

# खेड़ी सिंबल वाली राजकीय स्कूल के 162 छात्रों को ठंड से बचाने के लिए बांटीं जर्सियां

- मेधावी व जरूरतमंद बच्चों के लिए हर समय तत्पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

राजकीय उच्च विद्यालय खेड़ी सिंबल वाली में स्वर्गीय संदीप ढांडा सुपुत्र पूर्व सरपंच मियां ढांडा की याद में महाराजा सूरजमल वेलफेयर सोसाइटी व अंतरराष्ट्रीय जाट धर्मशाला कुरुक्षेत्र व स्वतंत्र समूह सेवा समिति द्वारा 162 विद्यार्थियों को जर्सी वितरण की गई । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भीम सिंह प्रधान महाराजा सूरजमल जाट वेलफेयर सोसाइटी ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के अध्यक्ष इश्वर ढांडा स्टेट कन्वीनर हसला ने कहा मेधावी व जरूरतमंद बच्चों के लिए समिति हर समय तत्पर रहती है। राजकमल महासचिव महाराजा सूरजमल जाट वेलफेयर सोसाइटी ने कहा कि सभी सदस्य वेलफेयर सोसाइटी में आर्थिक मदद करते हैं ताकि मेधावी बच्चों की जरूरत को ध्यान में रखते हुए यह समिति काम कर सके।



राजौंद। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को जर्सी वितरित करते हुए व मुख्य अतिथि का सम्मान करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### सीजेएम ने नशा मुक्त मिशन के तहत ली अधिकारियों की बैठक

**जींद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नशा मुक्त हरियाणा मिशन के तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मोनिका की अध्यक्षता में संबंधित विभागों की मीटिंग का आयोजन किया गया। प्राधिकरण सचिव ने शिक्षा विभाग व पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि जिला जींद के प्रत्येक स्कूलों में कानूनी साक्षरता कैंप नुक्कड़ नाटक व अन्य कार्यक्रमों के द्वारा बच्चों को नशा मुक्त हरियाणा मिशन के तहत शिविरों का आयोजन करें। स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए की साक्षरता शिविरों के अलावा हेल्थ चेकअप कैंप लगा कर नशीले पदार्थों के आदि व्यक्तियों का उपचार करें।

## एसओपी 2017 के नियमों के अनुसार ही कार्रवाई की जाए : अनिल कुमार

# बाल श्रम के मामलों में छापेमारी से पहले उपायुक्त से मंजूरी ली जाए : अनिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

बच्चों की सुरक्षा, अधिकारों की रक्षा और कल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर लघु सचिवालय में हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग पंचकूला के सदस्य अनिल कुमार की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। जिसमें संबंधित विभागों के हितधारक व अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में बाल संरक्षण, बाल श्रम उन्मूलन, बाल विवाह रोकथाम, शिक्षा, पोषण, प्राइवेट प्ले स्कूल नियम तथा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की गई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि बच्चों से जुड़े हर मामले में संवेदनशीलता, तत्परता और पारदर्शिता के साथ कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि बाल श्रम के मामलों में केवल चाइल्ड लेबर (प्रोहिबिशन एंड रेगुलेशन) एसओपी 2017 के नियमों के अनुसार ही कार्रवाई की जाए तथा किसी भी छापेमारी से पहले उपायुक्त की अनुमति अनिवार्य रूप से ली जाए और प्राप्त सूचना की सटीकता की पूर्ण पुष्टि हो।




जींद। बैठक में दिशा-निर्देश देते हुए अनिल। फोटो : हरिभूमि

### अकाल अकादमी हाबड़ी के छात्रों ने हिंदी ओलंपियाड में चमकाया नाम



**पूंडरी।** हिंदी विकास मंच दिल्ली द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलिंपियाड में अकाल अकादमी हाबड़ी के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में कक्षा पहली के फ़तेहबीर सिंह और कक्षा दूसरी के रियांश भाटिया ने स्वर्ण पदक जीतकर उत्कृष्ट प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वहीं कक्षा पहली के सिंह सत्कार, कक्षा दूसरी की गरिमा और ख्वाहिश तथा कक्षा तीसरी की अगमप्रीत कौर ने रजत पदक अपने नाम किए। इसके साथ ही कक्षा तीसरी की निमरत कौर और कक्षा आठवीं की वंशिका ने कांस्य पदक हासिल कर उपलब्धियों की श्रृंखला को और आगे बढ़ाया। विद्यालय की प्रधानाचार्या गुरप्रीत कौर ने सभी विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## डीसी ने की अधिकारियों व समाज के लोगों के साथ बैठक

# जगतगुरु ब्रह्मानंद की जयंती कार्यक्रम को भव्य रूप से मनाने के लिए तैयारियां शुरू

- सभी बिंदुओं पर एक-एक करके चर्चा की और दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

डीसी अपराजिता ने कहा कि 24 दिसंबर को जिले के चुहड़ माजरा गांव में जगतगुरु ब्रह्मानंद जी की जयंती पर राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी अधिकारी अपने-अपने विभाग से संबंधित तैयारियां शुरू कर दें, ताकि कार्यक्रम में किसी भी प्रकार की कोर कसर न रहे। डीसी अपराजिता लघु सचिवालय स्थित सभागार में जगतगुरु ब्रह्मानंद जयंती की तैयारियों को लेकर अधिकारियों व समाज के लोगों की बैठक ले रही थी। उन्होंने पंडाल से लेकर पार्किंग सहित अन्य सभी बिंदुओं पर एक-एक करके अधिकारियों के साथ चर्चा की और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। इस कार्यक्रम के लिए एडीसी को ओवर ऑल इंचार्ज बनाया गया है।



कैथल। डीसी अपराजिता अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए।

# आरबीआई चला रहा जागरुकता अभियान : सुमन कुमार

- बैंकों का विशेष शिविर 12 को जखोली अड्डा स्थित स्कूल में

**कैथल।** एलडीएम सुमन कुमार ने बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा देशभर में चलाए जा रहे अनक्लेम्ड डिपॉजिट जागरूकताअभियान के अंतर्गत जिला में भी लोगों को जागरूक करने के लिए 12 दिसंबर को जखोली अड्डा स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के हाल में विशेष शिविर लगेगा। शिविर में उन खातों की जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी, जिनमें जमा धनराशि 10 वर्षों से अधिक समय से निष्क्रिय पड़ी है और जिसे खाताधारक या उनके परिवार के सदस्य अब भी दावा कर सकते हैं। एलडीएम सुमन कुमार ने बताया कि देशभर में बैंकों द्वारा ऐसे खातों में जमा राशि को वापस दिलाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है, ताकि नागरिक अपनी पूंजी का पुनः लाभ उठा सकें।

उन्होंने बताया जिन व्यक्तियों को यह संदेह है कि उनके या उनके पूर्वजों के नाम से कोई पुराना खाता, जमा राशि या फिक्स्ड डिपॉजिट मौजूद हो सकता है, वे आरबीआई के उदगम पोर्टल यूडीजीएएम डॉट आरबीआई डॉट ओआरजी डॉट इन पर जाकर भी अनक्लेम्ड डिपॉजिट की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त नागरिक अपने नजदीकी बैंक शाखा में जाकर पूरी जानकारी ले सकते हैं।

## सीजेएम ने सभी से सहयोग मांगा

# छह जनवरी तक चलेगा नशा मुक्ति अभियान : कंवल कुमार

**कैथल।** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजेएम) एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव कंवल कुमार ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय पाराशर के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नशा मुक्त अभियान शुरू किया गया है। यह अभियान छह जनवरी तक चलाया जाएगा। इसमें सभी संबंधित विभाग बढ़चढ़ कर भाग लें और प्रदेश को नशा मुक्त बनाने में अपनी भागीदारी निभाएं। यह अभियान एक स्वस्थ और नशा मुक्त समाज के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसके लिए सभी का सक्रिय सहयोग जरूरी है।

सीजेएम कंवल कुमार ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं, अभिभावकों और समुदायों को नशे के खतरों और इसके दीर्घकालिक सामाजिक-आर्थिक प्रभावों के बारे में शिक्षित करना है।



कैथल। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कंवल कुमार जानकारी देते हुए।

## प्रेसवार्ता — कांग्रेस में प्रवक्ता एवं सोशल मीडिया के पदाधिकारियों की नियुक्ति होगी

# लोकतंत्र को बचाने के लिए कांग्रेस जनभावनाओं के साथ जुड़ कर रही काम : राय सिंह गुर्जर

**कांग्रेस के टैलेंट हंट प्रतिभा खोज कार्यक्रम का आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के संगठन सर्जन अभियान के तहत संचार एवं मीडिया विभाग द्वारा प्रवक्ता एवं सोशल मीडिया के सभी पदाधिकारी की नियुक्ति के लिए टैलेंट हंट प्रतिभा खोज कार्यक्रम का राष्ट्रीय स्तर पर आयोजन किया जा रहा है। इस संदर्भ में जींद जिला कार्यालय में प्रदेश संयोजक राय सिंह गुर्जर ने पत्रकारों से बातचीत की।इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व चेयरमैन पवन दूहन ने की। रायसिंह गुर्जर ने कहा कि आज लोकतंत्र को बचाने के लिए देशभर में कांग्रेस अपने संगठन के माध्यम से जनता की भावनाओं के साथ जुड़कर मजबूत प्रयास कर रही है। लोकतंत्र के आदर्शों और मूल्य को तोड़ कर सत्तासीन अहंकारी शासक हर संभव प्रयास कर कानून और संविधान की नीतियों का लगातार उल्लंघन कर रहे हैं। वर्तमान दौर में सत्ता में बना रहने के लिए लोकतंत्र में जनता की सबसे महत्वपूर्ण अधिकार वोट के अधिकार की भी चोरी करके पूरे देश में चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित किया जा रहा है। ऐसे में लोकतंत्र की रक्षा के लिए कांग्रेस के हर व्यक्ति का कर्तव्य बनता है कि उन्हें आगे आना चाहिए। प्रतिभा खोज का मुख्य उद्देश्य समाज के हर वर्ग से अनुभवी व्यक्तियों को कांग्रेस की विचारधारा और लोकतंत्र के हर पहलू का मजबूती से ज्ञान हो और सामाजिक समस्याओं, इलाके की चुनौतियों को समझने वाला कांग्रेस जन अधिकारिक प्रवक्ता बनकर अपनी विचारों को प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर रख सकता है।



जींद। पत्रकारों से बातचीत करते हुए कांग्रेस नेता। फोटो : हरिभूमि

**यह रहे मौजूद**

हरियाणा में भी प्रतिभा खोज के लिए प्रदेश स्तर पर हर जिले में कांग्रेस संगठन के अध्यक्ष और दूसरे पदाधिकारी मिल कर इस कार्य को मजबूती दे रहे हैं। राष्ट्रीय स्तर प्रदेश स्तर और जिला स्तर पर प्रवक्ता और दूसरे सोशल मीडिया के पदाधिकारी बनाए जाएंगे। इस मौके पर पूर्व जिला प्रधान बलराम कटवाल, महिला प्रधान लाजवंती ढिल्लो, रामबिलास मित्तल, राजकुमार सिंगला, मयंक गर्ग, बंसीलाल गोहिया, रघुबीर भारद्वाज, साहिल बंसल, धर्मपाल प्रधान, वीरेंद्र जगलान, रामप्रसाद सरपंच, राजकुमारी, विजय मोर, ईशाक भट्टी, जेपी सिंह रूहील मौजूद रहे।